अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,रीवा(म0प्र0)

कमांक/परीक्षा/2014/ 22. रीवा,दिनांकः 13 JAN 2014

अधिसूचना

सम्बद्धता के प्रत्याशा में अशासकीय महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा 2013 में सम्मिलित होने वाले एम0एड0, के नियमित (काउंसलिंग द्वारा आवंटित छात्र) एवं भूतपूर्व छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे अपना परीक्षा आवेदन–पत्र निम्नानुसार घोषित तिथियों के भीतर संबंधित महाविद्यालयों में जमा करें। परीक्षार्थी परीक्षा फार्ममें संलग्न कम्प्यूटर फार्म को आवश्यक रूप से पूर्ति करें।

1.	बिना विलम्ब शुल्क	दिनांक 3.1.2014 से 12.1.2014 तक
2.	बिलम्ब शुल्क रूपये 350/सहित	दिनांक 13.1.2014 से 15.1.2014 तक
3.	विशेष विलम्ब शुल्क रूपये 1000/–	दिनांक 16.1.2014 से 17.1.2014 तक
4	विशेष बिलम्ब शुल्क रूपये 3000/सहित परीक्षा प्रारंभ होने के पॉच दिवस पूर्व तक	

नोट–

1 काउंसलिंग द्वारा महाविद्यालयों को आवंटित तदानुसार प्रवेशित छात्रों की सूची, एम0एड0 सत्र 2012–2013 की सम्बद्धता नवीनीकरण आदेश प्रस्तुत करने पर परीक्षा फार्म प्रदान किया जावेगा। उक्त अभिलेख के अभाव में परीक्षा फार्म प्रदाय नहीं किया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी महाविद्यालय की होगी।

2 परीक्षा फार्म काउंसलिंग द्वारा आवंटित पंजीयन कमानुसार नामावली के साथ जमा करें। उक्त प्रकिया पूर्ण न करने पर जमा परीक्षा फार्म वापस कर दिये जावेगें।

निर्देशः–

1. अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय के समस्त परीक्षार्थी शुल्क तालिका के अनुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के नाम से देय होगा, जमा कर परीक्षा फार्म प्राप्त कर सकेंगे। प्राचार्य कृपया सम्पूर्ण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट प्राप्त करने पर ही परीक्षा फार्म दें। जहॉ बैंक सुविधा नहीं है वहॉ नगद शुल्क लिया जाय।
2. विश्वविद्यालयीन परीक्षा केन्द्र से संबंधित समस्त परीक्षार्थी अपनी परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर में भी जमा कर सकेगें।
3. परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्रों से ही प्राप्त करें जहॉ से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है।
4. प्राचार्य छात्रों के आवेदन पत्र कृपया उन्हीं का अग्रेषित करें जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत है।
5. प्राचार्य कृपया परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण के पूर्व भलीभांति जॉच कर लें कि छात्र की पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र पूर्णरूपेण भरा है तथा सम्पूर्ण शुल्क जमा है एवं लिये गये प्रश्नपत्र सही है तभी अग्रेषित करें। पात्रता न होने एवं कम शुल्क या अपूर्ण फार्म होने से परीक्षा फार्म निरस्त कर दिये जावेंगे जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी अग्रेषणकर्ता की होगी। प्रमाणित अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

परीक्षा नियंत्रक